हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, मंगलवार, 16 जनवरी 2024

11 सड़क निर्माण में हो रही थी गड़बड़ी, नप ने काम रोका



12 रानियां, बणी व अन्य जगह यात्रा का स्वागत



## खबर संक्षेप

### जाम में फंसी एंबुलेंस लोगों में रोष

**रानियां।** शहर के मुख्य बाजार में रोजाना लगने वाले भारी जाम के कारण आपात स्थिति में मरीज को ले जा रही एंबुलेंस काफी देर तक जाम में फंसी रही। इस पर वहां मौजूद लोगों ने काफी देर की मशक्त के बाद मरीज ले जा रही एंबुलेंस को जाम से निकाला। बाद में इन लोगों ने शहर की नगरपालिका व पुलिस अधिकारियों पर अपनी जमकर भड़ास निकालते हुए कहा कि नप व पुलिस प्रशासन द्वारा यहां जाम को खत्म करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा।

### अवैध पिस्तौल सहित दो गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सीआईए की टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान अमित कुमार निवासी मीठीसुरेरां को एक अवैध पिस्टल के साथ काबू किया था। उन्होंने बताया कि पकड़े गए युवक से पूछताछ कर अवैध पिस्तौल सप्लायर मुकेश कुमार निवासी मिठनपुरा को उसके गांव से काबू कर लिया।

### ऑनलाइन लेन-देन में रहें सावधान : एसपी

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने जिलावासियों को साइबर क्राइम से बचने के लिए विशेष एडवाइजरी के माध्यम से कहा है कि साइबर अपराधियों से बचने के लिए खुद को जागरुक करें। एसपी ने कहा कि इंटरनेट के विकास और इसके बढ़ते फायदों के साथ साथ साइबर अपराधों की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करते समय सावधान रहें।

### वरिष्ठ नागरिक परिषद ने मनाया लोहड़ी पर्व

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ नागरिक परिषद फतेहाबाद की बैठक प्रधान ईश्वर देवी सेठी की अध्यक्षता में बाल भवन फतेहाबाद में सम्पन्न हुई। लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया तथा जिन वरिष्ठ नागरिकों का जनवरी माह में जन्मदिन था, उनका जन्मदिन भी मनाया गया। यह जानकारी रिशी राज शर्मा तथा सचिव सुग्रीव सिंह बिश्नोई ने दी।

### अग्रसेन पार्क में हुआ खिचड़ी उत्सव

**सिरसा।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से हवन यज्ञ व खिचड़ी उत्सव कार्यक्रम सुरखाब चौक सिरसा स्थित अग्रसेन पार्क में किया गया। मुख्यातिथि सिरसा के पूर्व पुलिस अधीक्षक रहे वी. कामराज रहे। कार्यक्रम संयोजक ने बताया कि हवन यज्ञ से वातावरण प्रदूषण मुक्त होने के साथ-साथ घर में सुख शांति, समृद्धि आती है।

### गरीबों को वितरित किए कंबल व खाद्य सामग्री

**सिरसा।** वी फॉर यू संस्था की ओर से मकर संक्रांति के अवसर पर गरीब लोगों को सर्दी के मौसम को देखते हुए गर्म कंबल व खाद्य सामग्री वितरित की गई। संस्था के अध्यक्ष रवि मक्कड़ ने बताया कि संस्था का उद्देश्य गरीब व असहाय लोगों की मदद करना है। इस मौके पर उनके साथ कन्नूप्रिया भाटिया, रोहताश, शंटी फुटेला, आशीष अरोड़ा, सुरेंद्र, मुकेश मेहता, डॉ. एमएम तलवाड़, राम मक्कड़, आकाश, अजय अरोड़ा, नरेश अरोड़ा, सुभाष बजाज सहित संस्था के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### शिविर में 125 नेत्र रोगियों की हुई जांच

**सिरसा।** नेहरू पार्क स्थित श्री हनुमंत चेरिटेबल अस्पताल में आंखों की जांच व ऑपरेशन का निःशुल्क शिविर आयोजित की गई। संरक्षक एमपी गर्ग व मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल ने संयुक्त रूप से बताया कि जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से आयोजित शिविर का शुभारंभ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. महीप बंसल ने किया। डॉ. बंसल ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा प्रतिदिन 125 से अधिक जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई।

## फतेहाबाद में 5वीं तक बच्चों की छुट्टियां 20 जनवरी तक बढ़ी

# जिले में पारा 0.6 डिग्री गिरकर रिकार्ड 3.1 तक पहुंचा, आज से और बढ़ेगी ठंड

- प्रदेश में 20 जनवरी तक मौसम खुश्क रहने की संभावना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ठंड का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। जनवरी के एक पखवाड़े के बाद सोमवार को यहां का न्यूनतम तापमान 0.6 डिग्री गिरकर 3.1 डिग्री तक पहुंच गया। इससे लोग ठंड में थर-थर कांपते देखे गए। बीते 20 दिनों से लगातार धुंध, कोहरा और बादलवाही के बाद हालांकि दो दिन से यहां दोपहर बाद धूप निकल रही है लेकिन दिन ढलते ही उत्तर-पश्चिमी शीत हवाएं चलने से ठंड अपने जलवे दिखा देती है। धुंध और ठंड गेहूं व सरसों की फसल के लिए फायदेमंद है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि दिन में अगर धूप निकलती है और सुबह-शाम धुंध रहती है तो यह गेहूं की फसल के लिए सोने पर सुहागा होगी। अगर धूप नहीं निकलती तो गेहूं की फसल पीली पड़नी शुरू हो जाएगी। प्रदेश में 20 जनवरी तक मौसम खुश्क रहने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर भारत में 16 जनवरी से वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। इसका असर 18 जनवरी तक रहने का अनुमान है। प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू होगा। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ का कहना है कि प्रदेश में मौसम 20 जनवरी तक खुश्क रहने की संभावना है। उत्तर-पश्चिमी शीत लहर चलने से दिन के तापमान में हलकी बढ़ोतरी होगी और रात के तापमान में और गिरावट आएगी।



फतेहाबाद। सोमवार को धूप निकलने के बाद एनएच-9 पर किन्नू बेचते किसान।

### बचाव को लेकर जारी की एडवाइजरी

भीषण ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा आमजन के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की गई है। डीसी अजय सिंह तोमर ने कहा कि जब तक इमरजेंसी न हो, तब तक बाहर निकलने से बचें और चेहरे को ढंक कर रखें। अस्थमा, ब्रोंकाइटिस से पीड़ित लोग लंबे समय तक घने कोहरे में रहने से बचें। इससे सांस से जुड़ी परेशानी बढ़ सकती है। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि कोहरा होने पर गाड़ी चलाते समय या किसी ट्रांसपोर्ट के जरिए ट्रैवल करते समय सावधानी रखें। ड्राइविंग धीरे करें और फॉग लाइट का इस्तेमाल करें। ट्रैवल शेड्यूल के लिए रेलवे और स्टेट ट्रांसपोर्ट के संपर्क में रहें।

### बारिश के आसार नहीं, पड़ रही सूखी ठंड

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय न होने के कारण उत्तर भारत में बारिश के अभी तक कोई आसार नहीं दिख रहे हैं। बीते 11 सालों में पहली बार दिसंबर व जनवरी सूखा जा रहा है। इससे पहले 2013 में ऐसे हालात बने थे, जब पंजाब- हरियाणा में बारिश सामान्य से बहुत कम हुई थी। खुश्क ठंड बढ़ने के कारण ही बीमारियां भी बढ़ रही हैं।

### 20 तक बढ़ाया गया अवकाश

**फतेहाबाद।** हरियाणा के सभी सरकारी व प्राइवेट विद्यालय शीतकालीन अवकाश के उपरांत 16 जनवरी, से कक्षा 4 से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए पुनः खोले जाने बारे विभागीय आदेश जारी हुए है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा इस आशय एक परिपत्र में कहा गया कि कक्षा एक से तीन के लिए शीतकालीन अवकाश को 20 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। नगराधीश सुरेश कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जिला फतेहाबाद के अधीन सभी सरकारी व प्राइवेट विद्यालयों में कक्षा 4 व 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए भी 20 जनवरी तक अवकाश घोषित किया है। उन्होंने बताया कि सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ के लिए 16 जनवरी से पहले की भांति विद्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।




फतेहाबाद। फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र की पंजीकृत गोशालाओं को अनुदान राशि के चेक वितरित करते विधायक दुड़ाराम। फोटो : हरिभूमि

## गोशालाओं को मिले एक करोड़ 60 लाख रुपये

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा राज्य की सभी गोसेवा आयोग से पंजीकृत गोशालाओं को चारा खरीद हेतू दूसरी किस्त प्रदान की जा रही है, जिसके तहत फतेहाबाद विधानसभा की 40 गोशालाओं को मकर सक्रांति पर्व पर चारा खरीद हेतु अनुदान वितरण समारोह का आयोजन फतेहाबाद व भुना ब्लॉक की 23 गौशालाओं को गांव धांगड़ की गोशाला तथा भट्टूकलां ब्लॉक की 17 गोशालाओं को भट्टू कलां गोशाला में विधायक दुड़ाराम ने चैक वितरित किए। विधायक दुड़ाराम ने फतेहाबाद विधानसभा की कुल 40 गोशालाओं को 1 करोड़ 60 लाख 93 हजार 250 रुपये के चेक चारा खरीद हेतु वितरित किए। दुड़ाराम ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा चारा खरीद हेतु बजट बढ़ा कर दिया गया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जल्द ही गोशालाओं के सहयोग के लिए चारा खरीद हेतु अनुदान की एक ओर किस्त जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गोसेवा को लेकर सजग है। सरकार द्वारा गौ सेवा आयोग के बजट में दस गुणा बढ़ोतरी की गई है जोकि अब यह बढ़कर 400 करोड़ रुपये हो गया है। प्रदेशभर की गोशालाओं के लिए करोड़ों रुपये की धनराशि वितरित की जा रही है। उन्होंने आमजन से गोमाता की सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गौशालाओं का बजट कई गुणा करते हुए गौ रक्षा का संकल्प लिया है, पूरे देश में गौमाता की रक्षा के लिए बनाए गए कठोर कानून की प्रशंसा हो रही है। गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार और गौसेवा आयोग प्रभावी रूप से काम कर रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा, पंकज पसरीजा, पशुपालन विभाग के उप निदेशक डॉ. सुखविंद्र सिंह सहित सभी गौशालाओं के प्रधान व कमेटी सदस्य मौजूद रहे।

## राम मंदिर उद्घाटन के निमंत्रण के नाम पर हो रही ठगी

- साइबर ठग व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेजकर कर रहे हैं धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

साइबर ठग लोगों से पैसे ऐंठने का रोजाना नया तरीका ढूंढ़ रहे हैं। इन दिनों ठग लोगों के व्हाट्सएप पर राम मंदिर के उद्घाटन के निमंत्रण के नाम पर एपीके फाइल भेजकर ठगी कर रहे हैं। इस का पर्दाफाश करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक सुमेर सिंह ने बताया कि इस फाइल पर क्लिक करने से मोबाइल में मौजूद सारा डाटा ठगों के पास चला जाता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इन दिनों साइबर ठगी करने वाले लोगों के पास राम मंदिर का निमंत्रण भेजकर एक लिंक पर क्लिक करने को कहते है। कुछ जागरूक लोगों ने लिंक पर क्लिक करने की बजाय साइबर सेल को मामले की जानकारी दी है। जिससे पुलिस को इस मामले का पता चला। यह ठग राम मंदिर उद्घाटन के नाम पर एपीके फाइल भेज रहे हैं। आजकल लोगों को व्हाट्सएप पर संदेश मिल रहा है, जिसमें कहा गया है राम मंदिर के उद्घाटन समारोह लिए वीआईपी पास प्राप्त करें। साईबर ठग आम लोगो के पास इसी से जुड़ी एपीके फाइल भेज रहे है। पुलिस ने जांच में पाया कि यह एपीके फाइल एक मैलवेयर है जो आपका डेटा चुरा लेगी। ऐसे मैसेज को तुरंत डिलीट कर दें, ताकि आपकी निजी जानकारी साझा ना हो।

पुलिस द्वारा आमजन को साइबर ठगी से बचाने के लिए साइबर एडवाइजरी जारी की गई है जिसमें आमजन को सोशल मीडिया पर टास्क के लालच में फंसा कर या राम मंदिर उद्घाटन के निमंत्रण के नाम पर होने वाली साइबर ठगी से बचने का आह्वान किया गया है। एसपी ने साइबर ठगों द्वारा फोन पर की जाने की ठगी के बारे में भी लोगों को सचेत किया है। उन्होंने कहा कि पैसे कमाने के लालच या फिर किसी अन्य लालच में फंसाकर घर बैठे कम समय में पैसे कमाने के लिए टास्क देकर पैसे खाते में भेजने का लालच देकर लोगों की जमापूंजी हड़पने वाले साइबर ठगों से सावधान रहें।

## कम्प्यूटर लैब अटेंडेंट की समस्याओं पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

कम्प्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक मॉडल टाऊन स्थित पपीहा पार्क में हुई। बैठक में फतेहाबाद जिले के ब्लॉक प्रधान एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में कम्प्यूटर लैब अटेंडेट कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर राज्य प्रधान सुरेंद्र प्योंत, प्रदेश महासचिव सुनील राणा और भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री विपिन कुमार मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान व प्रदेश मीडिया प्रभारी हरविंद्र सिंह ने की। बैठक में पिछले काम की समीक्षा और आगामी रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान सुरेंद्र प्योंत, राज्य महासचिव सुनील राणा और भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री विपिन कुमार ने कहा कि कम्प्यूटर लैब अटेंडेंट पिछले 12 सालों से वषार्् से स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रहे है। स्कूलों में सभी तरह के ऑनलाइन कार्य से लेकर कक्षाओं को पढ़ाने का कार्य करते है परंतु हरियाणा सरकार कम्प्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारियों का आर्थिक व मानसिक शोषण कर रही है। शिक्षा विभाग कम्प्यूटर लैब अटेंडेंट के साथ भेदभाव कर रहा है जिससे कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी हताश और निराश है। जिला प्रधान व प्रदेश मीडिया प्रभारी हरविंद्र सिंह ने बताया कि जल्दी ही सभी ब्लॉकों में बैठक आयोजित की जाएगी। समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन के सिवाय कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है। मौके पर राज्य कार्यकारिणी सदस्य मेनपाल माचरा, प्रदीप शर्मा, सुंदर लेगा, तेजपाल जाखड़, रजनीश कुमार, सतबीर सुथार, संजय, प्रदीप, मदन लाल, जसपाल सिंह, गौरव कुमार, राजेंद्र कुमार, धीरज कुमार, रणबीर सिंह आदि उपस्थित थे।



फतेहाबाद। कम्प्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी संघ की बैठक में भाग लेते कर्मचारी।

## हिट एंड रन कानून के विरोध में निकाला रोष मार्च

- ट्रक व टैक्सी यूनियन ने सीटीएम को ज्ञापन सौंप कानून को वापस लेने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हिट एंड रन से संबंधित कानून के विरोध में सोमवार को ट्रक यूनियन व टैक्सी यूनियन के सदस्यों ने शहर में रोष मार्च निकाला और सीटीएम अजय सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। रोष मार्च का नेतृत्व ट्रक यूनियन के प्रधान मनजीत सिंह बिट्टू ने किया। इस दौरान ड्राइवरों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए इस कानून को वापस लेने की मांग की। आपको बता दें कि पिछले करीब एक पखवाड़े से ट्रक व टैक्सी चालक भावदीन टोल प्लाजा पर धरना दे रहे हैं। सोमवार को दोपहर को ड्राइवर भावदीन टोल प्लाजा से चलकर बस अड्डा के बाहर एकत्रित हुए और यहां से शहर के विभिन्न हिस्सा में रोष मार्च निकालते हुए लघुसचिवालय पहुंचे। यहां ज्ञापन लेने के लिए नायब तहसीलदार सुभाष चंद्र आए, लेकिन चालक उपायुक्त को ज्ञापन देने को लेकर अड़ गए। बाद में सीटीएम अजय सिंह मौके पर पहुंचे उन्हें ज्ञापन सौंपा। रोष जता रहे ड्राइवरों ने शहर के विभिन्न हिस्सों में जाकर आमजन से समर्थन मांगा। इस दौरान ड्राइवरों ने कहा कि केंद्र सरकार ने जो कानून बनाया है, यह पूरी तरह से वाहन चालकों के खिलाफ है। यह एक तरह से काला कानून है जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। मनजीत सिंह बिट्टू ने कहा कि ट्रक व टैक्सी ड्राइवर इस कानून का लगातार विरोध कर रहे हैं, लेकिन सरकार अपना अडियल रूख अपनाए हुए हैं, ड्राइवरों में सरकार के खिलाफ रोष है।




सिरसा। शहर में रोष मार्च निकालते ट्रक व टैक्सी यूनियन के सदस्य।

## श्री श्याम बगीची में मनाई लोहड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची में रविवार रात को लोहड़ी पर्व बड़ी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। साथ ही श्याम प्रमियों ने श्री श्याम बगीची के दूसरे स्थापना महोत्सव का पहला कार्ड बाबा श्याम को देकर महोत्सव की तैयारियों का शुभारंभ किया। बगीची के मुख्य सेवादार पवन गर्ग ने बताया कि बगीची परिसर में सभी श्याम भक्तों के द्वारा लोहड़ी पर्व पूरी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। सभी ने एक-दूसरे को लोहड़ी और मकर संक्रांति की शुभकमनाएं दी। इसके बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। सभी श्याम प्रेमियों ने ठोल की थाप पर नाच गाकर लोहड़ी पर्व मनाया। बाद में सभी श्याम प्रेमियों ने फरवरी माह में 11 फरवरी से लेकर 14 फरवरी तक आयोजित होने वाले श्री श्याम बगीची के दूसरे स्थापना महोत्सव का बाबा श्याम को प्रथम निमंत्रण कार्ड देकर महोत्सव की तैयारियों का शुभारंभ किया। पवन गर्ग ने बताया कि श्याम महोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्याम प्रेमियों ने उत्साह के साथ बाबा श्याम का निशान बुक करवाया।



सिरसा। श्री श्याम बगीची में लोहड़ी पर्व मनाते श्याम प्रेमी। फोटो : हरिभूमि

**आयोजन** सुक्रात स्कूल के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे कैबिनेट मंत्री

*सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन*

## विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करनी चाहिए: देवेन्द्र बबली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि शिक्षा का जीवन में बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। विद्यार्थी के विद्यालय जीवन में वार्षिकोत्सव का विशेष महत्व है क्योंकि ऐसे आयोजन का उद्देश्य है विद्यार्थियों में आत्म-संयम, विद्यालय की प्रगति में सहयोग देना और अभिभावकों से संपर्क स्थापित करना होता है। कैबिनेट मंत्री ने गांव कन्हड़ी में सुक्रात सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी।

पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में कड़ी मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को सफलता अवश्य मिलती है। ग्रामीण आंचल में भी प्राइवेट सेक्टर ने शिक्षा के लिए एक अच्छा प्लेटफार्म बना कर हमारे ग्रामीण बच्चों को शिक्षा का अच्छा अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा व अन्य परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए प्रत्येक गांव में ई-लाइब्रेरी बनाई जा रही है। विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा पहले फेज में 1200 बिल्डिंग को चिन्हित किया गया है जिनका नवीनीकरण व सौंदर्यीकरण करके ई-लाइब्रेरी बनाने का काम किया जा रहा है। मौके पर सुक्रात एजुकेशन सोसायटी प्रधान सुरेंद्र नैन, सरपंच कन्हड़ी राममेहर, सरपंच बलियाला धर्म सिंह, प्रिन्सिपल कुलदीप सिंह, ओम प्रकाश सोमी, नम्बरदार भगत सिंह, दर्शन सिंह नैन, सेवा सिंह, महताब पहलवान, दिलबाग सिंह, देवराज सिंह आदि मौजूद रहे।



टोहाना। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली का स्वागत करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## रामदेवरा में गूंजे बाबा रामदेव के जयकारे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

चांदनी दूज के उपलक्ष्य में श्रद्धालु श्री बाबा रामदेव सेवा समिति की ओर से संचालित शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में पहुंचे और बाबा रामदेव महाराज के दरबार में नारियल ध्वजा चढ़ाकर मत्था टेका। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज की परिक्रमा करते हुए बाबा रामदेव महाराज की महिमा में जय बाबा री, जय रूणेचा धाम की, जय रामसा पीर की के जयकारें लगाकर आसपास के माहौल को भक्तिमय कर दिया। बाबा रामदेव की पावन व सांची जोत प्रज्ज्वलित की गई। जोत प्रज्जवलित होते ही श्रद्धालुओं ने जोत के दर्शन कर मन्नतें मांगी। बाबा रामदेव महाराज को आरती उपरांत चूरमा, मिश्री, मिष्ठान, मेवा, फल और बताशे आदि का भोग लगाकर प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया।

इस अवसर पर समिति प्रधान रमेश जोइया, जोनी गहलोत, राकेश जोइया, सोनू शर्मा, कमलकांत डाबी, किशन लाल चौहान, आर्यन आहूजा, नमन मोंगा, बाली मितल, निखिल गहलोत समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

हममें से अधिकतर लोग उन वस्तुओं और उपलब्धियों को लेकर खुशी महसूस नहीं करते, जो हमारे पास होती हैं, लेकिन उन अभावों से दुखी रहते हैं, जो दूसरों के पास होती हैं। हर स्थिति में खुश-संतुष्ट रहने का तरीका यही है कि हम अपना सही आकलन करते हुए मानसिकता को बदलें और दूसरों से तुलना के बजाय अपनी उपलब्धियों का आनंद लें।

# ज्यादा का इरादा खुशियों को करे आधा

कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन



आज के दौर में अगर अवसाद, उदासी और चिंता की कोई सबसे बड़ी वजह है तो वह है असुरक्षा की भावना और खुद के पास दूसरों की तुलना में कम संसाधन होने की चिंता। संसाधन का अर्थ यहां कुछ भी हो सकता है, जैसे संपत्ति, धन-दौलत, मकान, गहने और भी बहुत कुछ। आइए, इन कारणों को जानते-समझते हैं, ताकि हम कभी अवसाद, उदासी और चिंता के शिकार ना हों।

## गलत ढंग से दूसरे से अपनी तुलना

हम अपनी तुलना अकसर उन लोगों के साथ करते हैं, जो अलग-अलग मामलों में हमसे बेहतर होते हैं। यानी बहुत सारे संपन्न लोगों की तुलना में हम अकेले साधन संपन्न होना चाहते हैं। ज्यादातर मामलों में दुखी व्यक्ति को अपनी मूलभूत जरूरतें पूरी ना होने की शिकायत नहीं रहती बल्कि अपनी अनंत इच्छाओं के अधूरा होने का दुख होता है। उसे अपने किसी रिश्तेदार, मित्र या पड़ोसी के पास खुद से ज्यादा सुविधाएं होने का दर्द सताता है। हमारा अवचेतन मन अकसर इस उधेड़बुन में लगा रहता है कि हमारी जिंदगी में कुछ ऐसा है, जो अपूर्ण है। हमें हमेशा यही लगता है कि दूसरे हमसे ज्यादा प्रसन्न, ज्यादा स्वस्थ, ज्यादा संपन्न और ज्यादा लोकप्रिय हैं। अनजाने में ही हम स्वयं को कमजोर महसूस करते हैं और आत्मग्लानि या तुलनात्मक हीनता के शिकार हो जाते हैं।



## उपलब्धियों से ऊर्जा प्राप्त करें

जब हम एक लक्ष्य को साध लेते हैं तो हममें दूसरे लक्ष्य को हासिल करने की ललक और ऊर्जा दोगुनी हो जाती है। हम निरंतर आगे बढ़ते चले



जाते हैं। कई बार लोग कहते हैं, क्या करें, हमें तो अवसर ही नहीं मिलता। जबकि फलां की किस्मत अच्छी है, तभी तो उसे इतनी तरक्की के चांस मिल जाते हैं। इस संदर्भ में जाने-माने दार्शनिक नेपोलियन हिल ने कहा है, 'यह दुनिया उन लोगों के लिए अच्छी है, जो जानते हैं कि वास्तव में उन्हें अपनी जिंदगी से चाहिए क्या और उन्हें किस चीज को हासिल करने में अपना समय और ऊर्जा लगानी चाहिए। कहने का आशय है, जो लोग अवसर को पहचानने की क्षमता रखते हैं और मौका मिलने पर उससे चूकते नहीं और उसके पीछे-पीछे चलते रहते हैं, वे सदैव आगे बढ़ते रहते हैं, सफलता पाते हैं।

## संतुष्टि और कृतज्ञता का भाव है जरूरी

असंतुष्टि और तुलनात्मक हीनता से उबरने का एक और फायदा यह है कि हमारे दूसरों के साथ संबंध भी मधुर होने लगते हैं। इतना ही नहीं, ईर्ष्या भाव से उबरने पर लोगों में हमारी छवि भी निखरती है। हम दयालु, परोपकारी और मददगार बनने लगते हैं, इससे हमें दुआएं मिलती हैं, साथ ही अपार खुशी और आत्मसंतुष्टि मिलती है। जहां पहले हम हमेशा कुढ़न-चिढ़न के शिकार रहते थे, हर वक्त अपनी तकदीर को कोसते थे, वहीं इस स्थिति में हम प्रकृति, ईश्वर और इस ब्रह्मांड के प्रति कृतज्ञता का भाव रखने लगते हैं। जब भी हमारा मन यह सोचकर बेचैन हो कि हम जमाने से पिछड़ गए हैं या हमारे पास वह नहीं है, जो हमारे परिचितों के पास है, तो हम झुग्गी-झोपड़ी और फुटपाथ पर रहने वाले दृष्टिहीनों, अपाहिजों की ओर देखें। हम जरा याद करें कि दुनिया में करोड़ों लोगों को दो वक्त का भोजन भी नहीं मिलता, तब यह समझ में आ जाएगा कि हमें कितना कुछ मिला हुआ है। ❁

### खुद पर रखें भरोसा

**जब हम** हमेशा खुद में कमियां ढूंढ़ते हैं, दुखी रहते हैं। हमें अवसर नहीं, समस्याएं ज्यादा दिखने लगती हैं तो हमारा पिछड़ना स्वाभाविक है। वहीं हम अपनी आत्मशक्ति, प्रतिभा और चातुर्य पर भरोसा करने लगते हैं तो हमारा मन आपदा में भी अवसर ढूंढ़ने लगता है, यहीं से शुरू होती है हमारी तरक्की का सिलसिला। अवसर कोई हलवाई की दुकान पर बिकने वाली मिठाई नहीं है, जो कोई हमारे हाथ में पकड़ा देगा और हम उसे गटक लेंगे। यह तो अपने हाथों से तैयार करने वाली होममेड मिठाई है, जिसके विभिन्न घटकों को एकत्रित करके हमें अपनी ऊर्जा की ऊष्मा से, विश्वास के तेल में पकाकर, अपनी मेहनत की चाशनी से मीठा करके इसका स्वाद चखना होता है।

### जरूरी है अपना सटीक आकलन

**सच तो** यह है कि हम स्वयं अपना आकलन कभी सही तरीके से नहीं करते हैं। यकीन मानिए, जैसा हम दूसरों के बारे में सोचते हैं, ठीक वैसा ही दूसरे भी हमारे बारे में सोचते हैं। हमारी सीमित या संकुचित सोच ही हमारी ज्यादातर दुर्बलताओं, तुलनात्मक हीनता और चिंता का कारण होती है। असंतोष का भाव और अंतहीन कामनाओं का दासत्व स्वीकार करना ही हमारी उदासी, झुंझलाहट और अवसाद की वजह है। हम अनजाने में ही दूसरों से बेवजह प्रतिद्वंद्विता करने लगते हैं, जबकि इसकी कोई आवश्यकता नहीं होती। वास्तव में हमारी आवश्यकता अपने परिवार और खुद की जरूरतों को पूरा करने की होनी चाहिए। अपने जीवन की प्राथमिकता निर्धारित लक्ष्य हासिल करने की होना चाहिए, ना कि दूसरों जैसा बनने की। अगर हम अपनी जरूरतों को पूरा करने तक सीमित रहें और अपनी बेहतरी के लिए निर्धारित लक्ष्य को साधने में जुट जाएं तो हमें अनावश्यक तुलना और ईर्ष्या के लिए वक्त नहीं मिलेगा। हमारा चिंतन भी सार्थक कार्यों की ओर होने लगेगा, जो हमें आंतरिक खुशी और सुकून देगा।

---

# बदलते दौर में पैरेंट्स समझें बच्चों का भी होता है अपना व्यक्तित्व

भले ही पिछली सदी की तुलना में अब हम सबकी जीवनशैली कई स्तरों पर बदल चुकी है, लेकिन अधिकांश पैरेंट्स आज भी अपने बच्चों के स्वतंत्र व्यक्तित्व को नहीं स्वीकारते हैं। बच्चों के बेहतर विकास के लिए सभी पैरेंट्स को अपनी मानसिकता बदलनी चाहिए।



पैरेंटिंग / नीलम अरोड़ा

बच्चों का भी अपना व्यक्तित्व होता है। सेमिनारों में, बौद्धिक विमर्शों में भले माता-पिता इस बात को स्वीकार करते हों, लेकिन रोजमर्रा की जिंदगी में 99 फीसदी से ज्यादा माता-पिता को यही लगता है कि उनके बच्चे कुछ नहीं जानते या उनके बच्चों की कोई समझ नहीं है, क्योंकि वे मन से स्वीकार ही नहीं कर पाते कि बच्चों का भी अपना व्यक्तित्व होता है। यही वजह है कि 99 फीसदी से ज्यादा माता-पिता अपने बच्चों को उनकी छोटी उम्र में हमेशा सिर्फ सिखाते रहते हैं, कभी गंभीरता से किसी भी मसले पर उनकी राय जानने की कोशिश नहीं करते। ऐसा नहीं है कि माता-पिता अपने बच्चों का भला नहीं चाहते या उन्हें खुश होते हुए नहीं देखना चाहते। ऐसा सब कुछ है, लेकिन फिर भी माता-पिता सहजता से इस बात को स्वीकार नहीं कर पाते कि उनके बच्चों का भी अपना व्यक्तित्व है।

**कम उम्र में हो रहा बच्चों के व्यक्तित्व का निर्माण:** समाजशास्त्रियों का आकलन है कि इन दिनों बच्चों के व्यक्तित्व का विकास या उनके व्यक्तित्व का निर्माण बहुत कम उम्र में हो रहा है। दरअसल, सूचना क्रांति ने अनुमान से भी कहीं ज्यादा उनके लिए एक्सपोजर पैदा किया है। इसलिए पहले जो बच्चे 15-16 साल की उम्र में व्यावहारिक जिंदगी के तौर-तरीके सीखते थे, आज वैसे तौर-तरीके बच्चे 7 से 8 साल की उम्र में ही सीख जाते हैं। सोशल मीडिया ने और सोशल मीडिया तक पहुंच बनाने वाले स्मार्टफोन ने बच्चों को पिछली सदी के मुकाबले कम से कम एक हजार फीसदी तेज रफ्तार से उनकी विभिन्न चीजों के प्रति जानकारी पैदा की है और अपनी राय बनाने में भूमिका निभाई है। इसलिए आज बच्चों के पारंपरिक विकास की रफ्तार बहुत तेज हो गई है। लेकिन ज्यादातर माता-पिता इसे नहीं मानते हैं।

**गूगल ज्ञान की प्राप्ति :** एक जमाना था जब किसी भी बच्चे की जानकारियों के दो मुख्य स्रोत होते थे। घर में आमतौर पर पिता और घर के बाहर स्कूल के अध्यापक। यही कारण है कि तब लंबे समय तक हर बच्चे को लगता था कि उनके पिता दुनिया के सबसे ज्यादा जानकार व्यक्ति हैं। लेकिन यह मनोविज्ञान आज की पीढ़ी में नहीं है। आज की पीढ़ी के बच्चे किसी भी चीज की जानकारी पाने के लिए या अपनी किसी भी सहज जिज्ञासा के लिए गूगल का दरवाजा खटखटाते हैं, जहां उन्हें ज्यादातर सवालों के न्यूनतम बुनियादी जवाब मिल ही जाते हैं। इसलिए वह बड़ों की तरह गूगल ज्ञान पर मीनमेख नहीं निकालते बल्कि अपने स्तर पर उन्हें यह ऐसा गुरु मिल गया है, जिनके साथ बच्चे सबसे ज्यादा सहज हैं। दूसरी तरफ, मां-बाप आज भी इस उम्मीद में हैं कि उनके बच्चे उनसे ही दुनिया के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानें और उनकी सोच और कल्पना के मुताबिक ही अपना व्यक्तित्व ढालें। वास्तव में सबसे बड़ा संकट यही है।

**ताजा परिदृश्य :** माता-पिता अपने बच्चों को सिखाने और बताने के लिए लालायित हैं, लेकिन बच्चे इस सब पर बहुत रुचि नहीं ले रहे, क्योंकि उन्हें भी लगता है कि उनके माता-पिता जानकारियां कम उपदेश ज्यादा देते हैं। इसलिए बच्चे उनसे दूरी बनाते हुए आज वर्चुअल दुनिया के साथ ज्यादा सहज हैं और मां-बाप को लगता है कि उन्हें दीन-दुनिया की कोई खबर ही नहीं है। इस विरोधाभासी सोच में संतुलन के लिए जरूरी है कि पैरेंट्स, अपनी मानसिकता को नए दौर के अनुसार बदलें। तभी बच्चों का बेहतर विकास होगा और उनके साथ आपकी बॉन्डिंग भी स्ट्रॉन्ग बनेगी। ❁

### अहम भूमिका निभा रहा आभासी समाज

**अगर बच्चों** और माता-पिता के बीच में भरोसे का जबरदस्त अभाव है, तो इसमें एक बड़ा कारण यही है कि माता-पिता इस बात को समझ ही नहीं पा रहे कि व्यक्तित्व गठन के मामले में उनकी जो रफ्तार थी, आज के बच्चों की रफ्तार उससे कई गुना ज्यादा तेज हो चुकी है। दूसरी बात, कम से कम मौजूदा और उसके पहले की पीढ़ी के माता-पिता भी यह समझने में ठीक-ठीक तालमेल नहीं बैठा पा रहे कि पहले की तरह अब बच्चों की जानकारियों और समझदारियां विकसित होने का स्रोत केवल माता-पिता स्कूल, कॉलेज या इर्द-गिर्द का समाज भर नहीं है बल्कि अब इन सबसे मिलकर भी कई गुना बड़ा एक आभासी समाज पैदा हो गया है, जो खासकर बच्चों को ना सिर्फ तेजी से प्रभावित कर रहा है बल्कि उनके व्यक्तित्व के निर्माण में सबसे बड़ी भूमिका अदा कर रहा है।

---

# ऐसे सीखें आर्ट ऑफ पब्लिक स्पीकिंग

एडवाइस / अंजू जैन

आज के दौर में लोगों को जब अपना ज्यादातर काम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर करने की जरूरत पड़ती है, यू-ट्यूब, वीलॉग या फेसबुक लाइव पर अकसर बोलना होता है, इस तरह लगभग हर प्रोफेशनल व्यक्ति के लिए पब्लिक स्पीकिंग का हुनर होना जरूरी हो गया है। आपके लाइव सेशन या वीडियो लोगों को आकर्षित करें और उपयोगी साबित हों, इसके लिए आपको कुछ बातों पर ध्यान देना होगा-



**श्रोताओं से जुड़ें :** अपने श्रोताओं से संवाद जरूर स्थापित करें। अपनी कही गई बातों से जुड़े प्रश्न जरूर पूछें और संभव हो तो उन्हें भी प्रश्न पूछने का मौका दें। इससे श्रोता आपकी ओर आकर्षित होंगे। श्रोताओं से जुड़ने के लिए उनकी समझदारी या उनके गुणों की सराहना करें।

**श्रोताओं की पसंद समझें :** श्रोताओं की पसंद-नापसंद उनकी जरूरत और प्राथमिकताएं जान लेना आपके लिए काफी फायदेमंद होगा। इसके लिए पर्याप्त रिसर्च और होमवर्क करना जरूरी है।

**नए तथ्य रखें :** श्रोताओं के सामने नए और चौंकाने वाले तथ्य जरूर पेश करें। अपने वक्तव्य में कुछ ऐसी बातें या तथ्य रखने की कोशिश करें, जो श्रोताओं के लिए काफी उपयोगी और दिलचस्प हों, लेकिन उन्होंने कभी इन्हें सुना ना हो। वक्तव्य भाषण के दौरान छोटे-छोटे किस्से-कहानियों, रोचक घटनाओं या कहावतों का इस्तेमाल करें, इससे श्रोता आपकी ओर आकर्षित रहेंगे। माहौल हल्का-फुल्का रखेंगी तो श्रोताओं को आपके भाषण के दौरान जरा भी बोरियत महसूस नहीं होगी।

**नोट्स बनाएं :** जब भी आप फेसबुक पर लाइव हों या वीलॉग बनाना हो तो अपनी स्पीच की तैयारी पहले से कर लें। स्पीच के दौरान आपको जिस टॉपिक पर बोलना है, उससे जुड़े नोट्स अपने सामने रखें, ताकि किसी प्रकार की भूल-चूक ना हो। एकाध बार अपने स्पीच को रिकॉर्ड कर सुनकर अपनी खामियां दूर कर लें। ❁

### आराम से बोलें

समझा यही जाता कि जोर-जोर से या धाराप्रवाह बोलना अच्छा वक्ता बनने के लिए जरूरी है, लेकिन मंझे हुए वक्ताओं की मानें तो कुछ वाक्य बोलने के बाद बीच में एक पल रुकना जरूरी है। इससे लोग आपकी बात ज्यादा एकाग्रचित्त होकर सुनेंगे।

---

अगर आपके नेल्स, नेचुरली लंबे और खूबसूरत नहीं हैं तो आप नेल एक्सटेंशन के जरिए इन्हें अट्रैक्टिव बना सकती हैं। लेकिन ऐसा करवाने से पहले आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा, ताकि आपके नेचुरल नेल्स को कोई नुकसान ना हो।

# जब करवाना हो नेल एक्सटेंशन

सजेशन / ललिता गोयल



मजबूत, लंबे और आकर्षक नाखून हथेलियों की खूबसूरती को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यही वजह है कि फैशनेबल और अट्रैक्टिव दिखने के इस दौर में नेल एक्सटेंशन द्वारा नेल्स को खूबसूरत दिखाने का ट्रेंड काफी बढ़ गया है। लेकिन नेल एक्सटेंशन कराते समय इस बात का खास ध्यान रखें कि जिस तरीके से आप अपनी स्किन केयर करती हैं, वैसे ही नेल्स की भी प्रॉपर केयर करना जरूरी होता है।

**नेल एक्सटेंशन प्रोसेस :** नेल एक्सटेंशन में सबसे पहले आपके असली नेल्स को फॉइल किया जाता है और उनके साइड्स को साफ किया जाता है। नेल एक्सटेंशन, जैल और एक्रेलिक दो प्रकार के होते हैं। एक्रेलिक नेल एक्सटेंशन में एक आर्टिफिशियल नेल टिप आपके नाखूनों की लंबाई पर चिपका दी जाती है और फिर उस पर लगाने के लिए एक पावडर और लिक्विड मिलाया जाता है। जैल नेल एक्सटेंशन को लगाने के लिए एक रेडिमेड मिक्सचर का उपयोग किया जाता है, जिसे नेचुरल नेल बेड पर लगाया जाता है। छोटे नाखूनों के लिए जैल नेल एक्सटेंशन का इस्तेमाल करना बेहतर माना जाता है।

**प्रिकॉशन है जरूरी :** अगर आप नेल एक्सटेंशन करवा रही हैं तो ध्यान रखें कि यह पर्मानेंट नहीं होता है। यह केवल 4-6 सप्ताह तक ही बना रहता है। इसकी अवधि, नेल एक्सटेंशन के तरीके और आपके ब्यूटी सैलून पर भी निर्भर करता है। इस बात का भी ध्यान रखें कि नेल एक्सटेंशन करवाने के बाद आप वो सब काम नहीं कर सकती हैं, जो आप अपने नेचुरल नाखूनों के साथ कर सकती हैं जैसे टाइपिंग या घर के साफ-सफाई और रसोई के काम।

**लॉन्ग ड्यूरेबल होंगे नेल एक्सटेंशन :** नेल एक्सटेंशन लंबे समय तक टिका रहे, हाथों की खूबसूरती बनी रहे इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

- जल्दी-जल्दी या रेग्युलर नेल एक्सटेंशन कराने से नाखून कमजोर हो जाते हैं। ऐसे में नेल एक्सटेंशन कराते समय थोड़ा गैप रखना जरूरी होता है।
- नेल एक्सटेंशन करवाने से पहले नेल्स की मसाज करना जरूरी है। नेल्स की मसाज ऑलिव ऑयल या बादाम के तेल से की जा सकती है। ऐसा करने से नेल्स की सही ग्रोथ होती है, साथ ही नेल्स मजबूत भी बनते हैं।
- नेल एक्सटेंशन कराने से पहले आप अपने नाखूनों को काटना ना भूलें क्योंकि बढ़े हुए नाखूनों पर नेल एक्सटेंशन कराने से नेल बेड टूटने लगते हैं और नेल्स कमजोर हो जाते हैं।
- बारिश के दिनों में नेल एक्सटेंशन कराने से पहले नाखूनों को अच्छी तरह से मॉयश्चराइज कर लें। दरअसल, नेल एक्सटेंशन नेल्स की नमी को कम करने के साथ ही क्यूटिकल्स को भी सख्त बना देता है, जिससे नाखून रफ हो सकते हैं। इसलिए पहले ही नाखूनों को मॉयश्चराइज कर लें।
- आपकी नेल एक्सटेंशन खूबसूरत और मेंटेन रहे, इसके लिए समय-समय पर नेल्स रीफिल कराना ना भूलें। इससे नेल्स मजबूत होंगे। साथ ही उनकी खूबसूरती लंबे समय तक बनी रहेगी।
- नेल एक्सटेंशन खराब ना हो, इसके लिए एक्सटेंशन कराने के बाद भारी वजन ना उठाएं क्योंकि इससे अकसर नाखून टूट जाते हैं या उनमें क्रेक आ जाता है।
- नेल एक्सटेंशन को घर पर ना हटाएं। इससे आपके नेचुरल नाखूनों को नुकसान पहुंच सकता है। नेल एक्सटेंशन को हटाने के लिए नेल टेक्नीशियन के पास जाना ही बेहतर उपाय होता है। ❁

**(नेल एक्सटेंशन एक्सपर्ट लतिका खुराना से बातचीत पर आधारित)**

---

वैसे जाड़े के दिनों में ब्रोकली बाजार में तो खूब मिलती है लेकिन अगर आप ऑर्गेनिक और अधिक पौष्टिक ब्रोकली खाना, खिलाना चाहती हैं तो इसे गार्डन में उगा सकती हैं। इसे कैसे उगाएं और किन बातों का ध्यान रखें, बता रहे हैं आपको।

# किचेन गार्डन में ऐसे उगाएं पौष्टिक ब्रोकली

गार्डनिंग / अनु आर.



अब से कुछ साल पहले तक अपने देश में ब्रोकली इसलिए कम चर्चा में रहती थी, क्योंकि तब यह बहुत महंगी हरी सब्जी होती थी। उन दिनों जब बाकी सब्जियां 5 से 10 रुपए पाव बिकती थीं, तब यह 30-40 रुपए पाव तक मिलती थी। क्योंकि तब ब्रोकली विदेशी सब्जी मानी जाती थी और यह बड़े पैमाने पर बाहर से ही आती थी। लेकिन अब ब्रोकली स्थानीय सब्जी बन चुकी है।

**कई गुणों से भरपूर:** ब्रोकली इतने गुणों से भरपूर होती है कि पहली नजर में इसके गुणों को जानकर लगता है यह कोई औषधीय सब्जी है। मिसाल के तौर पर ब्रोकली शुगर लेबल को कंट्रोल करती है। यह वजन घटाने में मददगार है। हृदय रोग, कैंसर, आंखों की समस्याओं और कमजोरी में यह फायदेमंद है। इसके खाने से लिवर मजबूत होता है, हड्डियां लचीली और ताकतवर बनती हैं। उच्च रक्तचाप नियंत्रित रहता है, बैड कोलेस्ट्रॉल में कमी आती है, कैंसर का खतरा कम होता है, त्वचा स्वस्थ और चमकदार रहती है। ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं से बचाव होता है। ब्रोकली अगर इतनी फायदेमंद है तो इसलिए क्योंकि इसमें अनेक पौष्टिक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसमें जिन पौष्टिक तत्वों की भरमार है, उनमें शामिल हैं- विटामिन सी, बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन ए, फोलिक एसिड, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम, एंटीइनफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंटिव प्रॉपर्टीज और फाइबर भी पाए जाते हैं। ब्रोकली भले अब विदेशी सब्जी ना होकर स्थानीय सब्जी बन गई हो, लेकिन भरपूर गुणकारी होने की वजह से दूसरी हरी सब्जियों के मुकाबले यह महंगी मिलती है। इसलिए बेहतर है, अपने किचेन गार्डन में ब्रोकली उगाएं, इससे आपको शुद्ध ऑर्गेनिक ब्रोकली का स्वाद मिलेगा।



**उगाने के लिए सही है सर्दियां:** अब सवाल है, ब्रोकली को अपने किचेन गार्डन में कब और कैसे उगाएं? भारत में सर्दियों का मौसम खासकर दिसंबर, जनवरी का महीना इसके उगाने या नर्सरी के जरिए इसे लगाने का सबसे बढ़िया समय होता है। आमतौर पर यह बहुत आसानी से और कम रख-रखाव में भी किचेन गार्डन की सबसे उपयोगी सब्जी के रूप में फलती-फूलती है।

**मिट्टी और धूप:** ब्रोकली उगाने के लिए वैसे ही मिट्टी बनानी पड़ती है, जैसे फूलगोभी या पत्तागोभी को उगाने के लिए बनाते हैं। लेकिन ब्रोकली गमले में या जमीन में जहां भी उगाएं इस बात को सुनिश्चित कर लें कि वहां दिन में कम से कम छह घंटे धूप जरूर आती हो। ब्रोकली ऐसी मिट् टी में अच्छी तरह से उगती और विकसित होती है, जो पानी को सोख लेती है। प्राकृतिक खाद से उपजी ब्रोकली में ही इसके सौ फीसदी फायदे मिलते हैं। देसी खाद से भरपूर मिट्टी में इसे क्यारी बनाकर लगाना या चाहिए। गाय के गोबर और कंपोस्ट खाद इसके उगाने और बढ़ने तथा विकसित होने में बहुत कारगर भूमिका निभाते हैं। ब्रोकली को अगर उगा रही हैं तो जब उसके पौध 4 से 6 हफ्ते के हो जाएं तो उन्हें अलग-अलग गमलों में स्थानांतरित कर दें, दो पौधों के बीच की दूरी कम से कम दो इंच रखें। नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटैशियम ब्रोकली के लिए तीन सबसे अच्छे उर्वरक हैं। अगर सही ढंग से आपकी उगायी या लगाई गई ब्रोकली विकसित होती है, तो ब्रोकली का एक पौधा फसल में आपको एक सीजन में कम से कम 10 या 12 बार ब्रोकली का फूल दे सकता है। ❁

## खबर संक्षेप

### बिजली की शिकायतों का निवारण कल

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा हिसार जोन के तहत आने वाले जिला हिसार, भिवानी, सिरसा, जींद, चरखी दादरी और फतेहाबाद के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 17 जनवरी को मुख्य अभियंता/परिचालन, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, विद्युत नगर, हिसार के कार्यालय में की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में कमेटी उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई करेगी।

### पुलिस ने उद्घोषित आरोपी को दबोचा

**हांसी।** जिलेभर में पीओ व बेल जंपर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हांसी पुलिस की पीओ स्टाफ टीम ने एक उद्घोषित आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित की पहचान मिर्चपुर निवासी जोगिन्द्र के रुप में हुई। आरोपित को चेक बाउंस मामले अदालत ने उद्घोषित आरोपित करार दिया हुआ था।

### ताश के पत्तों से जुआं खेलते 5 को पकड़ा

**हांसी।** जिले में अपराधों पर अंकुश लगाते हुए जुआ व सट्टा के खिलाफ चलाया जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना शहर हांसी पुलिस ने ताश के पत्तों द्वारा जुआ खेलते हुए 5 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों के कब्जे से 14500 रुपये बरामद कर किए। आरोपितों की पहचान मंडी सैनियान निवासी विकास, कपिल, मुलतान कालोनी निवासी राजीव, कृष्णा कॉलोनी निवासी रुपेश तथा चार कुतुब गेट निवासी गोविन्द के रुप में हुई है।

### भीख नहीं किताब दो संस्था के छात्रावास का दौरा

**हिसार।** भीख नहीं किताब दो संस्था के छात्रावास प्रांगण में जीजेयू की कुलपति की धर्मपत्नी डॉ. वंदना बिश्नोई व रजिस्ट्रार की धर्मपत्नी वीना छोकर, गर्ल्स हॉस्टल चीफ वार्डन प्रो. सुजाता संघी, डिप्टी चीफ वार्डन डॉ. विनीता चौहान, एनएसएस कॉर्डिनेटर डॉ. अंजू गुप्ता ने भ्रमण किया। उन्होंने अपने बहुत ही प्रेरणादायक शब्दों से बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।

### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच कराने की मांग

**हांसी।** आम आदमी पार्टी के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन जैन ने गीता चौक भ्रमण के बाद ट्विटर पर सीएम मनोहर लाल, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व प्रधानमंत्री कार्यालय को हांसी के नवनिर्मित गीता चौक पर हुए कार्यों की गुणवत्ता जांच की मांग की है। जैन ने कहा कि इस मामले में विधायक विनोद भ्याना को भी संज्ञान लेना चाहिए वरना लोग आपकी मंशा पर भी सवाल उठाएंगे।

### नगर निगम ने हटाया अतिक्रमण व होल्डिंग

**हिसार।** नगर निगम की तहबाजारी टीम ने सोमवार को शहर से अवैध होल्डिंग व अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। तहबाजारी टीम के इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि निगम आयुक्त प्रदीप दहिया के निदेर्शानुसार अतिक्रमण व अवैध होल्डिंग हटाए गए हैं। उन्होंने बताया कि राजगुरु मार्केट, रेलवे स्टेशन जाट कॉलेज की तरफ, तेलियान पुल के अलावा अन्य क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाया गया।

### बिजली कर्मियों का धरना छठे दिन भी जारी

**हांसी।** स्टाफ की कमी को पूरा करने की मांग को लेकर आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने कार्यकारी अभियंता हांसी की कार्रवाई के खिलाफ सब यूनिट हांसी में छठे दिन यूनियन सचिव पवन कुमार की अध्यक्षता

### ट्राली एवं कार की टक्कर में तीन युवक घायल

**फतेहाबाद।** गांव भड़ोलांवाली के पास देर रात तूड़े से भरी ट्राली सामने से आ रही कार को काफी दूर तक घसीटते हुए ले गई। राकेश और सोनू अपनी कार में सुरेश को उसके गांव भड़ोलांवाली छोडने जा रहे थे। वे फतेहाबाद से रात को कार पर निकले और हिजरावां को क्रॉस कर आगे कैंचियों के पास पहुंचे तो सामने से आ रही तूड़े से ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली से कार जा भिड़ी।

## वार्ड 4 में सड़क को बिना उखाड़े, हो रही थी लीपापोती

# सड़क निर्माण में हो रही थी गड़बड़ी, नप ने काम रोका

नगर पालिका के अधिकारी बोले- नियमानुसार ही नए सिरे से होगा गली का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल


**जाखल।** वार्ड नं. 4 की वह गली जिसका निर्माण कार्य रोका गया है।

शहर के वार्ड नं 4 में निर्माणाधीन गली के कार्य में अनियमितता की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए विभागीय अधिकारियों द्वारा गली के निर्माण कार्य पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। नगरपालिका द्वारा बीते दिनों वार्ड संख्या 4 में गली का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। वार्ड निवासियों द्वारा गली निर्माण में बड़े पैमाने पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत स्थानीय नपा प्रशासन सहित जिला अधिकारियों को की थी और गली निर्माण कार्य की जांच की मांग की गई थी।

वार्डवासियों द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को भेजी शिकायत में बताया था कि ठेकेदार द्वारा नियमों के विपरीत गली का बगैर लेवल किए, बिना उखाड़े पहले से बनी गली के ऊपर ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। वार्ड के लोगों ने शिकायत में बताया था कि यदि ठेकेदार द्वारा इसी प्रकार से गली निर्माण किया गया तो इससे गली में स्थित घरों का लेवल गली से नीचे हो जाएगा, इससे बरसात के दिनों में पानी घरों में घुस जाने से मोहल्लेवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वहीं जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। ऐसे में उन्होंने प्रशासन से मांग की थी कि नियमानुसार गली को उखाड़कर निर्माण किया जाए। इसे लेकर उच्च अधिकारियों के निर्देशन स्थानीय नपा प्रशासन ने आमजन की मांग को जायज करार देते हुए को तत्काल गली का निर्माण कार्य बंद करवा दिया। इसके बाद अब नपा द्वारा पुरानी सड़क को उखाड़कर नए सिरे से गली के निर्माण कराया जाएगा। वार्ड वासियों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए नपा प्रशासन द्वारा गली निर्माण कार्य पर रोक लगाई गई हैं।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

वार्डवासियों की शिकायत मिली थी कि ठेकेदार द्वारा नियमों के विपरीत पुरानी सड़क को उखाड़े बिना उसपर ही पुनर्निर्माण किया जा रहा है। इसपर कार्यस्थल के मौका मुआयना करने पर अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से गली के निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई थी। इसके बाद अब आज ही ठेकेदार को बोलकर पुरानी गली पर डाली गई मिट्टी उठवाकर, नियमानुसार गली को उखाड़कर लेवल अनुरूप नए सिरे से गली का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

रविकांत, जेई नगरपालिका जाखल

# कांग्रेस संदेश यात्रा को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली


**सिरसा।** डबवाली में बैठक को संबोधित करते पार्टी नेता।

पूर्व केंद्र यह मंत्री कुमारी शैलजा के नेतृत्व में होने वाली कांग्रेस संदेश यात्रा की तैयारियों को लेकर पार्टी नेता जग्गा सिंह बराड़ के आवास पर सोमवार को कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस संदेश यात्रा के स्वागत को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक को पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी, जग्गा बराड़, संदीप नेहरा,छोटू सहारण अबूबशहर, राजेश चाडीवाल, बलविंद्र नेहरा व कई अन्य नेताओं ने संबोधित किया। पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी व जग्गा सिंह बराड़ ने कहा कि कांग्रेस संदेश यात्रा 17 जनवरी को हिसार से कुमारी शैलजा, रणदीप सिंह सुरजेवाला व किरण चौधरी के नेतृत्व में शुरु होगी और न्याय का हक दिलाने तक 10 संसदीय क्षेत्र सहित 22 जिलों में पहुंचेगी। बराड़ ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा कांग्रेस संदेश यात्रा आगामी 27 जनवरी को सिरसा अनाज मंडी में पहुंचेगी, जहां पर रैली का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने रैली को सफल बनाने का आह्वान किया। मौके युवा कांग्रेस के हल्का प्रधान शगनदीप सिंह, सूरजभान सिंगला, वेदपाल डांगी, जगदीश थोरी ओढ़ां, शमनदीप बराड़, भोला सिंह एमसी, नछत्तर सिंह, कल्याण सिंह मिठड़ी, शिवराज सिंह सरपंच डबवाली, महेंद्र सिंह आदि थे।

## सर्व समाज सभा ने बुढलाडा रोड पर गड्ढों को भरने के लिए की मांग

**रतिया।** सर्व समाज सभा की बैठक संत बाबा नामदेव धर्मशाला में प्रधान रणजीत सिंह भानीखेड़ा की अध्यक्षता में हुई। सर्वसम्मति से सभा में चार सदस्यों को सदस्यता देने का फैसला लिया गया। वार्ड नंबर 7 के पार्षद करनैल सिंह, वार्ड नंबर 16 के पार्षद गौरव शर्मा, गुरविंदर सिंह गोल्डी तथा इकबाल सिंह को सभा का सदस्य बनाया गया। सभा के अध्यक्ष रणजीत सिंह भानीखेड़ा ने नए लिए गए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि यह संगठन राजनीति से कोसों दूर व समाज सेवा के लिए है। सर्वसम्मति से मांग की गई कि नगर पालिका में कार्य करवाने के लिए आने वाली महिलाओं व अन्य लोगों के बैठने के लिए कुर्सियों का प्रबंध किया जाए। बुढलाडा रोड पर बाढ़ के समय बने गड्ढों को भरने तथा बाईपास पर बने बड़े-बड़े गड्ढों को भरने की मांग की।

## जरूरतमंद बच्चों को वितरित किए गर्म वस्त्र

**चौपटा।** टीम ओम बन्ना टाइगर फोर्स सिरसा द्वारा गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को सर्दी के बचाव के लिए गर्म वस्त्र वितरित किए गए। इस दौरान टीम के सदस्यों ने 101 बच्चों को कोट, जर्सी, बूट, जूराब और फल वितरित किए। ओम बन्ना टाईगर फोर्स के रा'य प्रभारी विक्रम नंबरदार गीगोरानी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी चोपटा क्षेत्र के जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से बचाव के वस्त्र वितरित किए गए।

# 19 जनवरी को एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

हिसार रोड स्थित पक्का मोर्चा स्थल पर संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता लाभ सिंह व अमर सिंह तलवाड़ा ने की। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा कई निर्णय लिये गये। जिला संयोजक जगतार सिंह ने बताया कि किसानों की फसलों की खरीद की गारंटी कानून बनाने, लखीमपुर खीरी के बलिदान हुए किसानों के दोषियों को सजा दिलाने, बिजली के पूर्णतया निजीकरण के लिए लाए गए बिजली बिल को रद्द करने, स्मार्ट बिजली मीटरों का विरोध आदि मांगों को लेकर व केंद्र सरकार द्वारा किए गए वादे को पूरा नहीं करने के खिलाफ 26, 27, 28 नवम्बर 2023 को राज्य की राजधानियों पर तीन दिवसीय पड़ाव डालकर राज्यपालों के माध्यम से राष्ट्रपति को हस्तक्षेप करके समाधान करवाने की मांग की गई। उन्होंने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने अपने वायदे अनुसार कोई कार्यवाई नहीं कर रही है। संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर 19 जनवरी को जनसमस्याओं के समाधान के लिए किसान मजदूर एकता दिवस मौके पर एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किये जाएंगे। 19 जनवरी को एसडीएम टोहाना दफ्तर पर प्रदर्शन करके बाढ़, बरसात से हुए नुकसान के मुहावजे का तुरंत भुगतान करने, आवारा पशुओं, गाय, सांडों, नीलगाय, बंदरों व कुत्तों से छुटकारा, बिजली बिलों की अनाप-शनाप वसूली पर रोक, सेम की समस्या का समाधान, बाढ़ से खराब सड़कों की मुरम्मत, स्कूलों व अस्पतालों में स्टाफ, मुफ्त शिक्षा व इलाज का प्रबंध, मनरेगा में किए काम की मजदूरी का भुगतान व मनरेगा चलवाने आदि मांगों को उठाया जायेगा। 26 जनवरी को फतेहाबाद अनाज मंडी में जिला भर से किसान एकत्र होकर सुबह 11 बजे शहर में ट्रैक्टर मार्च निकलेंगे। मौके पर किसान सभा तहसील सचिव केवल सिंह रताथे, पंजाब सिंह तलवाड़ा, बलबिंद्र सिंह धारसूल, बलबीर सिंह कुलां, सेंसी दहिया अकांवाली, बीकेयू नैन से हरपाल गिल, वेद कन्हड़ी आदि मौजूद रहे।

## मोबाइल की लत को छोड़ने वाले विद्यार्थी 17 तक करवाएं पंजीकरण

**फतेहाबाद।** जिले में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा बचपन बचाओ अभियान के अंतर्गत शुरू किए गए मोबाइल को बाय कार्यक्रम में अब वे विद्यार्थी भी जो पहले पंजीकरण नहीं करवा पाए थे, वे अब 17 जनवरी की सायं 4 बजे तक पंजीकरण करवा सकते हैं। यह जानकारी देते उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अजय सिंह तोमर ने बताया कि अनेक अभिभावक रेडक्रॉस सोसायटी कार्यालय में जाकर अनुरोध कर रहे हैं कि उनके बच्चों ने भी मोबाइल की लत को छोड़ दिया है, इसलिए 18 जनवरी को होने वाले सम्मान समारोह में उनके बच्चों को भी शामिल किया जाए। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी का लक्ष्य अधिक से अधिक बच्चों को मोबाइल की लत को छुड़वाना है और अभिभावकों के सहयोग से ऐसे बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में शामिल करना है जिससे की विद्यार्थी शुरू से मोबाइल को बाय कर सकें और अन्य गतिविधियों में शामिल हो सकें। उपायुक्त ने बताया कि अभिभावकों के अनुरोध पर 18 जनवरी को लघु सचिवालय में वे विद्यार्थी भी सम्मानित किए जाएंगे, जिन्होंने मोबाइल को देखना छोड़ दिया है। अब ऐसे अभिभावक 17 जनवरी की सायं 4 बजे तक रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्याम सुन्दर के पास विवरण भेज अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

# रीना व राहुल चुने गए श्रेष्ठ स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

- एनएसएस शिविर के समापन पर प्रतिभावान स्वयंसेवकों को किया सम्मानित



**टोहाना।** एनएसएस शिविर में रीना व राहुल को श्रेष्ठ स्वयंसेवक व अन्य स्वयंसेवकों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

गांव ललौदा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के समापन पर प्रतिभावान स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डांगरा की प्राचार्या इंद्रजीत कौर व सेवानिवृत शिक्षक अत्तर सिंह ने शिरकत की। एनएसएस प्रभारी मंजीत कुमार ने शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

उन्होंने बताया कि सप्ताह भर स्वयंवकों ने स्वास्थ्य जांच शिविर, गांव में पर्यावरण संरक्षण के लिए नुक्कड़ नाटिका, रेलवे स्टेशन की साफ-सफाई, जागरूकता रैली, नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया।

इसके अलावा शिविर में स्वयंसेवकों को यातयात के नियमों तथा पोस्को एक्ट के बारे में जानकारी सहित अनेक समाजसेवी व्यक्तियों से रुबरु करवाया गया। प्रभारी मंजीत कुमार ने बताया की पूरे सप्ताह भर की क्रियाओं को देखते हुए लड़कियों में रीना व लड़कों के वर्ग में राहुल को श्रेष्ठ स्वयंसेवक चुना गया। मुख्यातिथियों ने विभिन्न गतिविधियों में विजेताओं व श्रेष्ठ स्वयंसेवकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर धर्मवीर, मंजीत कुमार, महासिंह, वीना रानी, रेखा रानी, प्रीती आदि स्टाफ सदस्य समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

# सूर्यनगर अंडरपास पर दुर्घटना मामले में अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

- जिम्मेदार अधिकारियों की जेब से घायलों को मुआवजा दिलवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


**हिसार।** कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन देते क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि

सूर्य नगर अंडरपास पर हाल ही में हुई कार दुर्घटना के लिए जिम्मेवार एवं लापरवाह अधिकारियों और ठेकेदार पर कार्रवाई करवाने तथा भविष्य में किसी दुर्घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पुख्ता प्रबंध करने के लिए सूर्यनगर क्षेत्रवासियों ने उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। उपायुक्त के माध्यम से यह ज्ञापन मुख्यमंत्री, निकाय, लोक निर्माण मंत्री एवं मानवाधिकार आयोग को भेजा गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि निमार्णाधीन अंडरपास की छत से गाड़ी के गिरने से हाल ही में दुर्घटना हुई है। कार चालक व उसका परिवार खुशकिस्मत रहा कि इतना भयंकर एक्सीडेंट होने के बाद भी जान बच गई। इस एक्सीडेंट की खबर को पढ़कर शहर का हर नागरिक चिंतित है। अंडरपास के निर्माण से जुड़े अधिकारी केवल बयान देने और लापरवाही पर लीपापोती करने पर ज्यादा ध्यान रखते हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि इस मामले की उचित जांच करवाई जाए।

## दूध लेने जा रहे सब्जी मंडी के आढ़ती को पीटा

- पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू की

**हांसी।** अपने चाचा के घर दूध लेने जा रहे हांसी सब्जी मंडी में आढ़ती का करने वाले युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। हमले में घायल युवक को राहगीरों ने उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घायल मंडी सैनियान निवासी 27 वर्षीय पंकज की शिकायत के आधार मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में पंकज ने बताया कि वह हांसी की सब्जी मंडी में आढ़ती का कार्य करता है और रविवार रात को करीब 9 बजे अपने घर से अपने चाचा राम अवतार के घर दूध लेने के लिए जा रहा था। उन्होंने बताया कि जैसे ही वह गली से गुजरता हुआ बिल्लू की दुकान के आगे पहुंचा तो वहां पहले से खड़े कुलदीप ने उसका रास्ता रोका और उसके साथ बिना किसी वजह के लड़ाई झगड़ा कर उस डंडे से हमला कर घायल कर दिया। पंकज ने बताया कि हमले की सूचना मिलने पर उसका चाचा रामअवतार मौके पर पहुंच गया और उसे देख कुलदीप उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।

# युवा पीढ़ी का विकास ही राष्ट्रीय विकासः आत्माराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में भाषण एवं सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन

नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में युवा शक्ति वेलफेयर क्लब कर्मगढ़ द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में भाषण एवं सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि सरपंच रोहताश थे जबकि अध्यक्षता वाइस चेयरमैन सुनील कबीरा ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुमित मेहता, मुकेश, नितिन एवं विजय अरोड़ा ने कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने बताया कि गांव कर्मगढ़ में भाषण एवं लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमकुम, द्वितीय स्थान लक्ष्य ने हासिल किया जबकि तीसरे स्थान पर अनीता रही। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कविता, दूसरा पुनीत व तीसरा स्थान कोमल ने हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम अंशु, द्वितीय शीतल तथा तीसरे स्थान पर स्नेहा रही।

मुख्यातिथि सरपंच रोहताश एवं अध्यक्षता सुनील कबीरा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि सभी युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों पर चलना चाहिए, तभी भारत एक विश्वगुरु बन सकता है, क्योंकि वर्तमान में 65 प्रतिशत से भी ज्यादा युवा भारत देश में है। हम सभी युवाओं को भी स्वामी विवेकानंद, शहीद राजगुरु, सुखदेव, भगत सिंह आदि के बताए हुए रास्तों पर चलना चाहिए। इस मौके पर युवा शक्ति वैल्फेयर क्लब के आत्म सहारण, प्रताप, सन्नी, राहुल, कशिश, बिंदर, राजेश, विनोद, गगन, गंगाजल, मोहित आदि उपस्थित रहे।


**हिसार।** परेड का निरीक्षण करते एसपी मोहित हांडा। फोटो : हरिभूमि

## एसपी ने किया परेड का निरीक्षण, महिला थाना का किया दौरा, शस्त्रागार जांचा, समस्याएं सुनीं

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने पुलिस कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे कार्यप्रणाली व रहन-सहन में सुधार लाएं। जनता से मधुर व्यवहार करें और कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि कर्मचारी ईमानदारी से काम करते हुए अपनी अच्छी छवि बनाए रखें। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा सोमवार को जिला पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण करने उपरांत कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने परेड का बारीकी से निरीक्षण किया और एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाई। उन्होंने परेड के बाद पुलिस लाइन स्थित ऑर्डरली रूम में पुलिस कर्मचारियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके निदान के निर्देश दिए। उन्होंने शस्त्रागार का निरीक्षण भी किया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित पुलिस के शस्त्रागार का निरीक्षण करते हुए शस्त्रों के रखरखाव व रजिस्टर का अवलोकन किया। शस्त्रागार में रखे राजकीय हथियारों के सुरक्षित रखरखाव के लिए संबंधित को निर्देशित दिए। आर्मोरर को थानों में रखे शस्त्र आम्युनेशन का समय-समय पर निरीक्षण के लिए रोस्टर तैयार करने का निर्देश दिया।

## मनोहर मैमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कार्यशाला आयोजित

# 'एक्शन रिसर्च' की महत्ता पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- भावी शिक्षकों को वास्तविक समस्याओं से अवगत कराया


**फतेहाबाद।** एमएम शिक्षण महाविद्यालय में रिसर्च एक्शन पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते मुख्य वक्ता।

मनोहर मैमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शोध कमेटी की ओर से 'एक्शन रिसर्च' पर एक कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। शोध कमेटी इंचार्ज डॉ. कविता रानी की देखरेख में आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर डाइट मताना, फतेहाबाद से डॉ. सुनीप व डॉ. सुनील कड़वासरा ने भाग लिया। उन्होंने अपने वक्तव्य में एक्शन रिसर्च पर बहुत ही सरल शब्दों एवं उदाहरणों के माध्यम से समझाया। यह कार्यशाला टीम टीचिंग के माध्यम से दोनों वक्ताओं द्वारा करवाई गई। वक्ताओं ने भावी शिक्षकों को वास्तविक कक्षा में आने वाली समस्याओं का किस तरह से समाधान किया जाता है, इस बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने छात्रों के सवालों का भी जवाब दिया और उनकी समस्याओं का समाधान भी बहुत अच्छे तरीके से किया गया। शोध कमेटी इंचार्ज डॉ. कविता रानी ने एक्शन रिसर्च की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एक्शन रिसर्च के मुख्यतः चार बिंदु हमें ध्यान में रखने चाहिए, जिसमें योजना, कार्य, अवलोकन और चिंतन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार हम एक्शन रिसर्च के माध्यम से विद्यालयी स्तर के छात्रों की व्यक्तिगत और अधिगम सम्बंधी समस्याओं का आसानी से समाधान कर सकते हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने आए हुए वक्ताओं का धन्यवाद किया और कार्यशाला के सफल संचालन पर शोध विभाग की टीम को बधाई दी। अंत में वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

## खबर संक्षेप

### पांच दिवसीय कौशल विकास शिविर संपन्न

**ओढां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नुहियांवाली में जारी पांच दिवसीय जीवन कौशल विकास शिविर का सोमवार को समापन हो गया। शिविर की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार कसवां ने की। उन्होंने कहा कि बच्चों के समग्र विकास के लिए छात्रों का अनुभवी होना बहुत महत्वपूर्ण है।

### वर्कर्स को दो माह से नहीं मिला वेतन : राज रानी

**सिरसा।** मिड डे मील वर्करज यूनियन की जिला सचिव राज रानी ने कहा कि स्कूलों में मिड डे मील तैयार करने वाली वर्करों को दो माह से वेतन नहीं मिला है। इससे पूर्व भी धरने प्रदर्शन करके वेतन जारी करवाया गया था। उन्होंने कहा कि मांगों को लेकर संघर्ष के अलावा अब कोई विकल्प हमारे पास नहीं है।

### पूर्व राज्यपाल ने किया सिलाई सेंटर का उद्घाटन

**सिरसा।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा सिरसा द्वारा स्व. श्वेता बांसल पंजुआना वाले की प्रथम पुण्य स्मृति में सेठ तुलाराम धर्मशाला में सिलाई सेंटर का उद्घाटन ओडिशा के पूर्व रा'यपाल प्रो. गणेशी लाल व राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय अग्रवाल महासभा सतीश अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

### पांच दिवसीय स्किल डवेलपमेंट शिविर संपन्न

**सिरसा।** गांव रंगड़ी खेड़ा स्थित व राजकीय उच्च विद्यालय में 11 जनवरी से 15 जनवरी तक कक्षा 5 से 8 तक की छात्राओं के लिए स्किल डवेलपमेंट शिविर का समापन किया गया। कार्यक्रम में सोमवार को पांच दिनों के दौरान निर्माणित की गई विभिन्न कलाकृतियों बच्चों के मिट्टी के खिलौने व रोबॉट की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसकी ग्रामवासियों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

### अग्रिपथ को ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी

**सिरसा।** अग्रिपथ योजना 2024-25 के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरु हो गई है जिसके लिए पोर्टल 21 मार्च 2024 तक खुला रहेगा। निदेशक भर्ती, सेना भर्ती कार्यालय हिसारे के प्रवक्ता ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्रति आवेदक परीक्षा शुल्क 250 रुपये का भुगतान करना होगा। भर्ती वर्ष 2024-25 के लिए अग्निवीरों की भर्ती दो चरणों में की जाएगी।

### भूथनखुर्द में जुआ खेलते 43 लोग गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सदर फतेहाबाद पुलिस ने गांव भूथनकलां में छापेमारी कर 43 लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने इनके पास से 8 लाख 51 हजार 310 रुपये की जुआ राशि बरामद की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### संघ ने किया पटवार एसो. का समर्थन

**फतेहाबाद।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला फतेहाबाद ने पटवार एवं कानूनगो के आंदोलन का समर्थन करते हुए सरकार से अपील की है कि वह पटवारियों और कानूनगो की जायज मांगों का तुरंत बातचीत के माध्यम से समाधान करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा पिछले 9 से ज्यादा सालों से रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को लेकर लगातार की जा रही अनदेखी से कर्मचारियों में भारी रोष है।

### महिला कॉलेज में हुआ विस्तार व्याख्यान

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में सोमवार को मनोविज्ञान विषय से संबंधित विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. हरविंद्र सिंह ने बताया कि डॉ. दलजीत सिंह द्वारा विस्तार व्याख्याता नागरिक अस्पताल, सिरसा के मनोवैज्ञानिक डॉ. पवन कुमार का स्वागत करने के बाद उनका परिचय दिया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा पर कार्यक्रम

# रानियां, बणी व अन्य जगह यात्रा का स्वागत

आमजन से केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा रानियां, बणी, थेहड़ शहीदां, तिलोकेवाला व गांव तख्तमल पहुंची। यात्रा के पहुंचने पर रानियां के राजकीय स्कूल में पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज, गांव बणी में पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश झोरड़, गांव थेहड़ शहीदां में मंडल अध्यक्ष चक्ककां बलदेव सिंह, गांव तिलोकेवाला व गांव तख्तमल में पूर्व विधायक बलकौर सिंह ने यात्रा का स्वागत किया। पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज ने कहा कि हरेक जरूरतमंद व्यक्ति को विकास की पंक्ति में आगे खड़ा करना भाजपा सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवार का आर्थिक उत्थान करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने 9 वर्ष से 'यादा के कार्यकाल में जितने भी विकास कार्य किए हैं उन योजनाओं का लाभ लोगों को इस यात्रा के माध्यम से घर पर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम से गांव-गांव आमजन को जहां योजनाओं का लाभ मिल रहा है, वहीं सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी मिल रही है। वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र की परिकल्पना को पूरा करने की दिशा में प्रधानमंत्री निरंतर कार्यरत है। पूर्व विधायक बलकौर सिंह ने स्टालों का अवलोकन करते हुए कहा कि इस यात्रा के दौरान नागरिकों को उनके घर द्वार पर जाकर सरकार सेवाएं दे रही है। इस तरह से अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी


सिरसा। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान स्टालों का निरीक्षण करते पूर्व विधायक बलकौर सिंह व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# सांसद ने किया औचक निरीक्षण

- सुनीता दुग्गल ने अमृत सरोवर के निर्माण कार्य को देखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

सिरसा लोकसभा क्षेत्र से सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि जल संरक्षण के लिए अमृत सरोवर लाभकारी साबित होगा। इससे भूजल स्तर को सामान्य बनाए रखने में मदद मिलेगी वहीं आम जनमानस के अलावा पशु-पक्षियों सहित सबको इसका लाभ मिलेगा। मनरेगा से होने वाले इस कार्य में गांवों के जॉब कार्डधारकों को काम मिलेगा। सांसद ने मंगलवार को भूना खंड के ढाणी गोपाल गांव में अमृत सरोवर निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण करने के दौरान यह बात कही।


भूना। ढाणी गोपाल में अमृत सरोवर योजना के दौरान तालाब का निरीक्षण करती सांसद सुनीता दुग्गल। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मनरेगा से अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं। सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजनाओं में से यह भी एक है। ढाणी गोपाल में आधुनिक एवं पर्यटन स्थल के रूप में तालाब को नया रूप दिया जाना बहुत ही प्रशंसनीय और काबिले तारीफ है। इससे स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी सुरभि साहू व अन्य मौजूद रहे।

# आमजन के लिए हर घर तक शुद्ध जल पहुंचना सरकार की प्राथमिकता : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने सोमवार को बीडीपीओ कार्यालय भूना में ग्राम पंचायतों को पानी के टैंकर व वाटर कूलर की सौगात दी। उन्होंने गांव भट्टू, डूल्ट, बुवान, ढाणी सांचला, जांडली खुर्द में पानी के टैंकर, गांव धौलू में दो वाटर कूलर व बोस्ती के लिए एक वाटर कूलर दिया। कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि यह पानी के टैंकर भेजने का मुख्य उद्देश्य है कि गांव में हर मोहल्ले में पानी पहुंचे और महिलाओं को पानी के लिए बाहर ना जाना पड़े। पानी के टैंकरों के मिलने से गांव में पीने के पानी की समस्या का समाधान होगा और हमारी माता व बहनों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर नहीं जाना पड़ेगा। गांव के



विकास के लिए सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल और हर घर नल पहुंचाने की जो मुहिम चलाई हुई है उसी मुहिम के तहत क्षेत्र के प्रत्येक घर को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक घर में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए विशेष रूप से काम किए जा रहे हैं।

# एकजुट होने से ही तरक्की

- विधायक लक्ष्मण नापा ने लोगों से आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा ने कहा कि कोई भी समाज तभी तरक्की करता है जब समाज के लोग एकजुट होकर रहते है। इसलिए जरूरी है कि समाज के लोगों एकजुट होकर समाज की उन्नति के लिए कार्य करें। विधायक लक्ष्मण नापा ने स्थानीय कुम्हार धर्मशाला में हरियाणा ओड सभा के तत्वाधान में आयोजित हरियाणा ओड सभा के कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी की बैठक में बतौर मुख्यतिथि संबोधित कर रहे थे। बैठक की अधक्षता कर्मचारी प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गड़ाई ने की तथा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हरियाणा ओड सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रणजीत सिंह ओड रहे।


सिरसा। हरियाणा ओड सभा के कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक लेते विधायक लक्ष्मण नापा। फोटो : हरिभूमि

विधायक लक्ष्मण नापा ने बाबा भागीरथ महाराज की प्रतिमा को नमन किया व पुष्पाजली अर्पित की। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हरियाणा ओड सभा के विस्तार को लेकर प्रदेश में युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, कर्मचारी प्रकोष्ठ, व्यापार प्रकोष्ठ, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की जिला स्तर गांव व शहर सत्र पर ओड समाज की तरक्की सगठन के विस्तार को लेकर कमेटियां बनाई जाए। इसके अलावा समाज के युवा वर्ग को नशे से दूर रहने व शिक्षा तथा खेलों के प्रति जागरुकता करने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर हरियाणा ओड सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संतलाल मजोका, प्रदेश संरक्षक दिनेश, कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी रूप चंद व अन्य मौजूद रहे।

# रेलवे अधिकारियों ने दर्ज करवाया केस

- कूड़ा गिराने पर विवाद गहराया, ट्रैक्टर ट्राली जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

शहर में कूड़ा उठाने को लेकर नपा प्रशासन द्वारा एक टेंडर जारी कर इस कार्य को एक एजेंसी को सौंपा गया ताकि शहर का कूड़ा शहर से दूर गिराया जा सके। जाखल नगर पालिका द्वारा सफाई व्यवस्था को लेकर टेंडर तो जारी कर सफाई व्यवस्था का जिम्मा निजी कम्पनी को दे दिया, परन्तु एजेंसी द्वारा इसे लेकर कोई जगह स्थायी रूप से यहां पर नही ली गई। जिसके बाद शहर का कूड़ा रेलवे की बाउंड्री में डंप किया जाने लगा। इस मामले को लेकर 'हरिभूमि' में खबर प्रकाशित होने के बाद रेलवे प्रशासन हरकत में आया और नपा की कूड़ा गिराने वाली ट्रैक्टर ट्राली को मौके पर पकड़कर कब्जे में लेते हुए उस पर मामला दर्ज कर दिया। बता दें कि रेलवे में कूड़ा गिरने से रेलवे की सुंदरता को भी ग्रहण लग रहा था। हलांकि इस मामले में जाखल नगर पालिका सचिव द्वारा रेलवे की बाउंड्री में कूड़ा गिराने की बात को सिरे से नकारा गया था।

इस मामले को लेकर रेलवे द्वारा नपा में कार्यरत ट्रेक्टर ट्राली सहित उसके चालक पर मामला दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी गई है। हालांकि अभी तक रेलवे में कूड़े के बड़े बड़े ढेर लगे हुए है। इसके कारण कूड़े से उठ रही दुर्गद से भी वहां से रह रहे लोगो की परेशानी का कारण बनी हुई है। जब इस बारे में रेलवे के अधिकारियों से बात की गई तो रेलवे सुरक्षा बल जाखल के सब इंस्पैक्टर अंकित कुमार ने बताया कि इस मामले में सख्ती से कार्यवाही की गई है।


बदबू के कारण यात्रियों को हो रही परेशानी
रेलवे बाउंड्री बनी कूड़ा डंप स्टेशन सब कुछ देखकर भी अधिकारी चुप
शहर का कूड़ा किया जा रहा डंप

### खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आया प्रशासन

इस मामले को लेकर जैसे ही समाचार पत्र में इसकी खबर प्रकाशित हुई तो रेलवे के अधिकारी हरकत में आए और इस मामले में कार्यवाही करते हुए मामला दर्ज कर दिया। बता दे कि हरिभूमि समाचार पत्र में 6 जनवरी के अंक प्रकाशित हुई खबर 'रेलवे की बाउंड्री बनी कूड़ा डंप स्टेशन, सब कुछ देखकर भी अधिकारी चुप' शीर्षक से खबर प्रकाशित होने के बाद से अधिकारियो में हडकम्प मच गया था, जिसके बाद यह कार्यवाही अमल में लाई गई है।

### लंबे समय से गिराया जा रहा था कूड़ा

रेलवे की बाउंड्री में कूड़े के ढेर को देख ऐसा प्रतीत होता की यह पर कूड़ा पिछले लम्बे से ही गिराया जा रहा हो। हलांकि इस मामले में जानकार सूत्र बताते है कि नगर पालिका द्वारा गिराया जा रहे इस कूड़े को लेकर रेलवे के अधिकारियों के साथ सांठगांठ की हुई थी।

### राज्य स्तरीय व्यापारी सम्मेलन 11 को

**फतेहाबाद।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के फतेहाबाद प्रधान अशोक नारंग ने कहा कि व्यापार मंडल का राज्य स्तरीय व्यापारी सम्मेलन टोहाना के भाटिया भवन, रेलवे रोड पर 11 फरवरी रविवार को होगा। सम्मेलन में मुख्य अतिथि हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग होंगे। इस सम्मेलन में व्यापार मंडल के जिला, शहरी, ब्लाक प्रधान व प्रदेश के प्रतिनिधी भारी संख्या में भाग लेंगे। इस सम्मेलन में व्यापार व उद्योग को बढ़ावा देने, व्यापारियों को व्यापार करने में आ रही समस्याओं पर व व्यापार मंडल के संगठन को प्रदेश व जिला स्तर पर ओर ज्यादा विस्तार करने पर विचार किया जाएगा।

# जैन स्थानक के उद्घाटन पर निकली ध्वजा यात्रा

- यात्रा का शुभारंभ जैन साध्वियों श्रुति जी महाराज, तारामणि जी व अन्य ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्री श्याम नगर फतेहाबाद में नवनिर्मित जैन स्थानक के उद्घाटन के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा एवं ध्वजा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ जैन साध्वियों श्रुति जी महाराज, तारामणि जी महाराज, एवं निधिका जी महाराज ठाणे-3 ने अपने करकमलों से किया। इस भव्य कलश यात्रा एवं ध्वजा यात्रा की अगुवाई वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं एसएस जैन सभा श्याम नगर की प्रधान नेहा मित्तल ने किया। नेहा मित्तल ने बताया कि अनाजमण्डी स्थित श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला से शुरू हुई भव्य कलश यात्रा एवं ध्वजा यात्रा श्याम नगर स्थित जैन स्थानक पहुंची। इस दौरान सैंकड़ों महिला श्रद्धालु व भक्तगण भजन-कीर्तन व भगवान महावीर स्वामी जी के जय-जयकार करते हुए साथ चल रहे थे। सारा माहौल भक्तिमय हो गया था। जैन स्थानक में पहुंचने पर श्रद्धालुओं को उपदेश करते हुए साध्वी श्रुतिजी महाराज ने भगवान महावीर स्वामी जी के जीवन के बारे में बताया, वहीं उन्होंने श्रद्धालुओं को उनके बताए मार्ग व आदशोंर् पर चलने के लिए प्रेरित किया। महाराज जी ने जैन धर्म से जुड़े अनेक प्रसंग सुनाए।

उन्होंने बताया कि जैन धर्म का मूल सिद्धान्त अहिंसा होता है। भगवान महावीर स्वामी जी ने मानवता का पाठ पढ़ाने के लिए जैन धर्म का प्रचार किया। इस मौके पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नेहा मित्तल ने कहा कि हमें संतो-महापुरूषों के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए तथा धर्म की मर्यादाओं का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी धमारंे् का एक ही सार है, वो है मानवता की सेवा करना। इस मौके पर सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।


फतेहाबाद। जैन स्थानक के उद्घाटन पर कलश एवं ध्वजा यात्रा निकालते नेहा मित्तल व अन्य श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि



### चौटाला ने बाबा रतिनाथ की समाधि पर नवाया शीश

**सिरसा।** भादरा तालाब के समीप स्थित बाबा रतिनाथ के समाधि स्थल पर उनकी पुण्यतिथि व मकर संक्रांति पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बाबा सरसाईनाथ मंदिर के गद्दीनशीन महंत सुंदराईनाथ ने मुख्य रूप से बाबा रतिनाथ को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। उनके साथ उनके शिष्य जुगताईनाथ भी मौजूद थे। कार्यक्रम में जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला व भाजपा नेता गोविंद कांडा अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों नेताओं ने उपस्थितजनों को मकर संक्त्रांति की शुभकामनाएं देते हुए बाबा रतिनाथ की समाधि पर भी शीश नवाया और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अजय सिंह चौटाला ने कहा कि सिरसा संतों, महात्माओं की नगरी है और यहां के लोगों को सदैव इन पुण्यात्माओं का आशीर्वाद मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बाबा सुंदराईनाथ आध्यात्मिक वर्षा कर आमजन को लाभान्वित कर रहे हैं, उससे निश्चित ही प्रत्येक सिरसावासी लाभान्वित हो रहा है। इ

# सरदाना के निधन पर शोक

- लोक निर्माण विश्रामगृह में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ऐलनाबाद

सिरसा रोड पर स्थित लोक निर्माण विश्रामगृह में आज दिवंगत पत्रकार एडवोकेट सुरेंद्र सरदाना की याद में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें शहर के सभी पत्रकारों के साथ-साथ दर्जनों गणमान्यजनों ने पहुंचकर दिवंगत सुरेंद्र सरदाना को अपनी भाव भीनी पुष्पांजलि अर्पित की।

सभी ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से स्वर्गीय सुरेंद्र सरदाना की आत्मिक शांति व उनके परिवार को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके साथ अपने अनुभवों को सांझा किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय सुरेंद्र सरदाना बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे एक सच्चे, निर्भीक और ईमानदार पत्रकार थे। इस अवसर पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजय बिड़लान, लेखाकार मक्खन सिंह, सूचना केंद्र सहायक कृष्ण यादव, नगरपालिका के अध्यक्ष रामसिंह सोलंकी, पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र लढ़ा, पार्षद सुभाष प्रेमी, डॉ मदन जैन सहित अन्य मौजूद रहे।


ऐलनाबाद। दिवंगत पत्रकार सुरेंद्र सरदाना को श्रद्धांजलि देते लोग। फोटो : हरिभूमि

घरों पर दीप जलाकर मनाएं दीपावली : दुग्गल

# 22 को देश होगा राममय, घर-घर दीप जलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सिरसा लोकसभा क्षेत्र से सांसद सुनीता दुग्गल और भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष राखी मक्कड़ द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ लोहड़ी और मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। गांव खुम्बर में भाजपा नेता राजू मेहता के निवास पर आयोजित लोहड़ी मिलन समारोह में पहुंची सांसद सुनीता दुग्गल और महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राखी मक्कड़ ने कार्यकर्ताओं को लोहड़ी और मकर संक्रांति की बधाई दी और कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से 22 जनवरी को श्रीअयोध्या धाम में बने भव्य श्रीराम मंदिर में होने वाली मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर दीपोत्सव की तरह मनाने का आग्रह किया।

सांसद सुनीता दुग्गल व राखी मक्कड़ ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भाजपा सरकार अनेक जनकल्याणकारी नीतियों को लागू कर रही है। भाजपा राज में सभी त्यौहारों को मिल-जुल कर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विश्वास की नीति पर चलते ही सभी वगारें, धमारें के लोगों को साथ लेकर चल रही है और आज देश की जनता मोदी सरकार की नीतियों से खुश है और 2024 में होने वाले लोकसभा और हरियाणा विधानसभा दोनों चुनावों में भाजपा के पक्ष मतदान कर दोबारा सत्ता में लाने का काम करेगी। सांसद सुनीता दुग्गल ने महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं से भी चुनावों की तैयारियों में जुटने और पार्टी की नीतियों को जन-जन के बीच ले जाने का आह्वान किया।


फतेहाबाद। गांव खुंबर में लोहड़ी पर्व मनाती सांसद सुनीता दुग्गल, साथ हैं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राखी मक्कड़।